कार्यालय महानिदेशक लेखा परीक्षा, रक्षा सेवाएँ,

एल-2 ब्लॉक, ब्रासे एवेन्यू,

नई दिल्ली-110001

कार्यालय परिपत्र संख्या 87 दिनांक 07.06.2021

परिपत्र

विषय- प्रतिनियुक्ति के आधार पर कल्याण सहायक (Welfare Assistant) के पद पर नियुक्ति।

कार्यालय महानिदेशक लेखापरीक्षा, रक्षा सेवाएँ, नई दिल्ली, महानिदेशक लेखापरीक्षा, आयुध निर्मनिया, कोलकाता, महानिदेशक लेखापरीक्षा, वायु सेना, नई दिल्ली एवं प्रधान निदेशक लेखापरीक्षा, रक्षा सेवाएं, चंडीगढ़ कार्यालय में (सातवे वेतन आयोग के अनुरूप पे लेवल -8) एक-एक कल्याण सहायक के संवर्ग बाह्य पद को भरने हेतु भारतीय लेखापरीक्षा एवं लेखा विभाग में उस ग्रेड में नियमित सेवा के पात्र सहायक पर्यवेक्षक/ वरिष्ठ लेखापरीक्षकों/ वरिष्ठ लेखाकारों से आवेदन आमंत्रित है।

इस पद के चयन हेतु कल्याण संबंधी कार्यों में कर्मचारी की उपयुक्तता एवं अभिरूचि को ध्यान में रखा जाएगा। वह अभ्यर्थी जो कल्याण सहायक के पद पर कार्य करने हेतु इच्छुक हों उन्हें कल्याण या समुदायिक कार्यों साफ-सफाई, खेल-कूद तथा सांस्कृतिक कार्यों, कार्मिक प्रशासन जिसमें व्यक्तिगत दावों का निपटारा सम्मिलित हो, आदि के क्षेत्र में तीन वर्षों का अनुभव होना आवश्यक है।

चयनित अभ्यर्थी कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग के दिनांक 17.06.2010 के कार्यालय ज्ञापन सं 6/8/2009-स्थापना (वेतन)-2 के अनुसार प्रतिनियुक्ति (कार्य) भत्ता अथवा इस पद का वेतनमान आहरित करने के लिए पात्र होगा।

प्रतिनियुक्ति शुरू में एक वर्ष की अवधि के लिए होगी। चयन के उपरांत आगे पद पर बने रहना अभ्यर्थी के संतोषजनक प्रदर्शन एवं उनके द्वारा दर्शाई गई वास्तविक अभिरूचि पर निर्भर करेगा। कल्याण सहायक की सेवाएँ अधिकतम पाँच वर्षों के लिए आगे बढ़ाई जा सकती है। पाँच वर्ष के उपरांत किसी भी स्थिति में इस अवधि को बढ़ाया नहीं जाएगा।

इच्छुक सहायक पर्यवेक्षक/ वरिष्ठ लेखापरीक्षक/ वरिष्ठ लेखाकार जो पात्रता के मानदंडों को पूरा करते हों (सहायक पर्यवेक्षक, वरिष्ठ लेखापरीक्षक/वरिष्ठ लेखाकार के पद पर तीन साल की सम्मिलित सेवा) वे पद हेतु अपनी इच्छा, अपने पूर्ण सेवा विवरणों तथा उनके द्वारा किए गए कल्याण/ समाजिक/ सांस्कृतिक कार्यों आदि की विस्तृत जानकारी के साथ दिनांक 21.06.2021 तक इस कार्यालय में FAX/email द्वारा अवश्य भिजवा दे।

सभी इच्छुक सहायक पर्यवेक्षक/ वरिष्ठ लेखापरीक्षकों/ वरिष्ठ लेखाकारों को यह सूचित किया जाता है कि उक्त पद उपरोक्त कार्यालयों हेतु ही है और यदि आवेदक अन्य स्टेशन से इस पद हेतु चयनित किए जाते हैं तो उन्हें अपने आवेदन में स्टेशन का उल्लेख अवश्य करे, चयनित स्टेशन में ही अपनी सेवाएँ देनी होगीं।

07/06/21

(देव धर त्रिपाठी)

व. लेखापरीक्षा अधिकारी

रक्षा सेवाएँ, नई दिल्ली।

सं 558 /ए.प्रशा/68/कल्याण सहायक/2007-08/खंड-3 दिनांक: 07.06.2021

प्रति निम्नलिखित को प्रेषित है-

1. महानिदेशक लेखापरीक्षा, (आ.नि.),कोलकाता तथा उनके अधीनस्थ सभी कार्यालय।
2. महानिदेशक लेखापरीक्षा, (नौसेना), नई दिल्ली तथा उनके अधीनस्थ सभी कार्यालय।
3. महानिदेशक लेखापरीक्षा, (वायुसेना), नई दिल्ली तथा उनके अधीनस्थ सभी कार्यालय।
4. प्रधान निदेशक लेखापरीक्षा, रक्षा सेवाएं, चण्डीगढ़ तथा उनके अधीनस्थ जम्मू कार्यालय।
5. प्रधान निदेशक लेखापरीक्षा, रक्षा सेवाएं, पुणे तथा उनके अधीनस्थ चैन्नई कार्यालय।
6. इस कार्यालय के सभी कमान कार्यालय/शाखा कार्यालय।
7. इस कार्यालय के सभी अनुभाग/लेखापरीक्षा ग्रुप/सचिवालय/नोटिस बोर्ड(स्थानीय)|
8. **सभी आई.ए. एंड ए.डी. के कार्यालय (डाक सूची के अनुसार)|**

07/06/21

(देव धर त्रिपाठी)

व. लेखापरीक्षा अधिकारी

रक्षा सेवाएँ, नई दिल्ली।